म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

1906

CELEBRATING 120 YEARS MPCCI

https://mpcci.in


# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका




**FEBRUARY 2026**

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 28, अंक : 07

http://www.mpcci.in
ई-अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# 'गारबेज शुल्क' पर नगर-निगम परिषद द्वारा पारित निर्णय को शीघ्र लागू किए जाने हेतु आयुक्त-श्री संघ प्रिय को सौंपा ज्ञापन



नगर-निगम आयुक्त-श्री संघ प्रिय से चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल ने दि. 21 फरवरी 2026 को भेंटकर, एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में दि. 29 दिसम्बर 2025 को नगर-निगम परिषद द्वारा 'गारबेज शुल्क' की विसंगतियों को दूर करने हेतु पारित निर्णय को जल्द लागू करने एवं लागू होने तक 'गारबेज शुल्क' की वसूली को नहीं करने की मांग की गई। साथ ही, उक्त निर्णय लागू होने तक संपत्ति कर को 'गारबेज शुल्क' से अलग कर, संपत्ति कर की वसूली की जाए, लेकिन 'गारबेज शुल्क' की जो दरें परिषद द्वारा दि. 29 दिसम्बर को पारित की गई हैं, वही लागू की जाएँ। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि यदि परिषद के निर्णय के इतर 'गारबेज शुल्क' की वसूली की जाएगी, तो चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा इसका विरोध किया जाएगा।

इसके साथ ही, शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा को जोड़ने वाली पाटनकर बाजार से महाराज बाड़ा की सड़क का जल्द निर्माण कराए जाने की मांग की गई क्योंकि करोड़ों रूपये की लागत से महाराज बाड़े को सुंदर बनाया गया है, लेकिन जब पर्यटक इस रोड से होकर महाराज बाड़ा पहुंचते हैं, तब शहर की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही, मृगनयनी शोरूम से गस्त के ताजिया तक रोड निर्माण, लक्कड़खाना पुल के चौड़ीकरण कार्य को प्रारंभ करने, महाराज बाड़ा पर निर्माणाधीन पार्किंग से छोड़े जा रहे पानी की समस्या, विक्की फैक्ट्री से चंद्रवदनी नाके तक का सड़क निर्माण कार्य जो कि वर्तमान में रूक गया है, उसको शीघ्र प्रारंभ करने तथा शहर की बंद स्ट्रीट लाइटों को लेकर निगमायुक्त महोदय से बिन्दुवार विस्तार से चर्चा की गई।

निगमायुक्त-श्री संघ प्रिय ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि पाटनकर बाजार से दौलतगंज होते हुए महाराज बाड़ा मार्ग का कार्य 7 दिवस में प्रारम्भ हो जाएगा। आपने कहा कि इस मार्ग पर लीकेज की समस्या है, उसको दूर करते ही यह कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। महाराज बाड़े पर बन रही पार्किंग से निकलने वाले पानी की समस्या का समाधान 7 मार्च तक हो जाएगा। लक्कड़खाना पुल के चौड़ीकरण कार्य को जब प्रारंभ किया गया, तब उसमें और कार्य करने की आवश्यकता महसूस हुई। इस हेतु उसके लिए नया एस्टीमेट बनाकर उसकी स्वीकृति ले ली गई है। शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ होगा। मृनगयनी शोरूम से गस्त के ताजिया तक सड़क पर पेच वर्क कराया जाएगा। इसके साथ ही, शहर की स्ट्रीट लाइट पर आपने कहा कि जिस क्षेत्र की लाइटें बंद हैं, वह बंद नहीं होना चाहिए। इससे आप अवगत कराएँ, उन्हें चालू कराया जाएगा एवं संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। विक्की फैक्ट्री से चंद्रवदनी नाके तक सड़क निर्माण कार्य को अतिक्रमण हटाने के बाद प्रारंभ किया जाएगा।

प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष-श्री पारस जैन सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य-सर्वश्री आशीष अग्रवाल, रामकुमार गोयल, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, संजय अग्रवाल, अभिषेक चतुर्वेदी, विवेक बंसल, आशुतोष मिश्रा, सुशांत सिंघल आदि शामिल थे।

# FICCI की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में "मानसेवी सचिव-श्री दीपक अग्रवाल" हुए शामिल

फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 4 फरवरी 2026 को ''फेडरेशन हाउस'' नई दिल्ली में सम्पन्न हुई ।




उक्त बैठक में, मानसेवी सचिव-श्री दीपक अग्रवाल शामिल हुए । फिक्की के हाल ही में हुए निर्वाचन के पश्चात यह प्रथम कार्यकारिणी समिति की बैठक थी, जिसमें केन्द्रीय बजट पर विस्तार से चर्चा हुई ।




ज्ञात रहे फिक्की के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अनंत गोयनका जी द्वारा मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल को फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अध्यक्षीय कोटे से ''कार्यकारिणी सदस्य'' मनोनीत किया गया है ।

इस बैठक में फिक्की के अध्यक्ष-श्री अनन्त गोयनका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-श्री विजय शंकर सहित वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित थे :-

Mr. V Vualnam, Secretary, Department of expenditure, Ms. Anuradha Thakur, Secretary, Department of economic affairs, Mr. Arvind Shrivastava, Secretary, Department of revenue, Mr. M Nagaraju, Secretary, Department of financial Services, Dr. Arunish Chawla, Secretary, Department of Investment & Public asset Management, Mr. Vivek Chaturvedi, Chairperson, Central board of Indirect Taxes and Customs, Mr. Prasenjit Singh, Member (Legislation), CBDT and Mr. Surjit Bhujabal,Member (Customs), CBIC.

उक्त बैठक में देश के जाने माने उद्योगपतियों ने शामिल होकर, बजट 2026-27 की बारीकियों पर गंभीरता के साथ चर्चा की ।

http://www.mpcci.in
e अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, 'जिला सड़क सुरक्षा समिति' की बैठक में शामिल हुए

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 7 फरवरी 2026 को सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधीश-श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-श्री धर्मवीर सिंह यादव उपस्थित थे।

बैठक में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा निम्न विषय पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए :-

1. जिले में बड़े वाहनों के लिए नो-एंट्री संबंधी कोई भी निर्णय लेने से पूर्व औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से चर्चा की जाए। उक्त विषय पर पुलिस अधीक्षक ने औद्योगिक प्रतिनिधियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा, जिससे उनके साथ बैठक आयोजित की जा सके।
2. यातायात नियंत्रण हेतु प्रमुख बाजारों एवं चौराहों पर कैमरे शीघ्र संचालित (ऑपरेशनल) किए जाएं, जिससे (अ) लेफ्ट टर्न फ्री रखा जा सके। (ब) एकांकी मार्गों पर रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण रखा जा सके।
3. नगर-निगम के सभी पार्किंग स्थल ऑपरेशनल होने चाहिए।

   (अ) गिर्राज जी मंदिर पार्किंग का विषय पिछले 18 माह से उठ रहा है। यदि इसे ठीक नहीं किया जा पा रहा है, तो इसे तोड़कर पुनः निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। (ब) महाराज बाड़ा की पार्किंग शीघ्र ऑपरेशनल की जानी चाहिए।
4. पाटनकर बाजार चौराहे पर सवारी ऑटो स्टैंड को सामने शिफ्ट किए जाने का निर्णय एक वर्ष पूर्व लिया जाना चाहिए था। बैठक में इसे तुरंत शिफ्ट किए जाने का निर्णय लिया गया।
5. अस्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित कार्रवाई हेतु नगर-निगम को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना चाहिए।

महाराज बाड़ा सहित पूरे शहर के प्रमुख मार्गों पर हॉकर्स के कारण हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या पर हाईकोर्ट ने नियमित कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पश्चात नगरीय प्रशासन विभाग ने फुटपाथों को साफ रखने एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

नगर-निगम परिषद द्वारा भी इस विषय पर चिंता व्यक्त की गई है। प्रमुख समाचार पत्रों ने भी इस विषय को गंभीरता से उठाया है।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 24 फरवरी 2026 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* कार्यकारिणी समिति सदस्य-श्री दीपक श्रीचंद जैस्वानी जी से प्राप्त पत्र पर विचार कर, कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल आगामी 03 माह बढ़ाए जाने तथा तत्संबंधी प्रस्ताव असाधारण सभा में विचार हेतु प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया।
* चेम्बर संविधान के अध्याय एक की धारा-5 में दी गई व्यवस्था के तहत निम्न फर्मों का नाम परिवर्तित किए जाने का निर्णय लिया गया :-

  (I) मेसर्स बंटी कैटरर्स का नाम परिवर्तित कर, मेसर्स बंटी कैटरर्स एण्ड सर्विसेज प्रा. लि.।

  (II) मेसर्स होटल गीतांजलि का नाम परिवर्तित कर, मेसर्स हिमांशु इण्डेन।
* वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित बजट पर विचार कर, स्वीकृति प्रदान की गई।
* अवशेष शुल्कधारी सदस्यों की सदस्यता समाप्ति से उनकी बकाया राशि जो कि वसूलने योग्य नहीं है, उक्त राशि को समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया।

http://www.mpcci.in
e अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# निवेश वातावरण मजबूत करने के लिए भारत सरकार की टास्कफोर्स की ''रिव्यू बैठक'' भोपाल में आयोजित

## बैठक में ''अनुपालन में कमी और विनियमन में ढील'' विषय पर राज्य सरकार एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा में शामिल हुए, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल




देश में निवेश बढ़ाने और उद्योगों के लिए नियमों को आसान बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने ''अनुपालन में कमी एवं विनियमन शिथिलीकरण द्वितीय चरण (COMPLIANCE, REDUCTION AND DEREGULATION PHASE 2)'' के तहत एक उच्च स्तरीय टास्कफोर्स का गठन किया गया है । इस टास्कफोर्स ने 9 सुधार श्रेणियों के अंतर्गत 28 प्रमुख क्षेत्र चिन्हित किए हैं, जिन पर राज्यों को काम करना है । भोपाल में दिनांक 13 फरवरी 2026 को ''नेशनल टॉस्क फोर्स'' की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता, सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार-सुश्री नीलम शमी राव ने की ।

उक्त बैठक में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल शामिल हुए । बैठक में अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश को उद्योगों के लिए बेहतर और आसान माहौल बनाने की दिशा में लगातार काम करना है । नियमों को सरल बनाना, अनुमतियों को जल्दी देना, प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाना और Ease of Doing Business को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है । सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाकर तथा तय समय-सीमा में सुधार लागू करके राज्य को निवेश के लिए पसंदीदा स्थान बनाने का लक्ष्य रखा गया है । बैठक मे मानसेवी सचिव, दीपक अग्रवाल द्वारा निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए गए :-

1. भवन निर्माण अनुमति और एफएआर में सुधार : निर्माण अनुमति की प्रक्रिया सरल और तेज हो। शहरों में वर्टिकल (ऊंची) इमारतों को बढ़ावा दिया जाए। एफएआर को 5 से 7 तक बढ़ाया जाए ताकि शहरों में सस्ते घर उपलब्ध हो सकें। सभी बड़े शहरों के नियम एक जैसे हों । वर्तमान में मध्य प्रदेश में प्रीमियम बेस्ड की दर ग्वालियर में 50% इंदौर में 5% एवं भोपाल में 0% है ।

2. दोहरे कर की व्यवस्था खत्म हो : उद्योगों पर दोहरी कर प्रणाली समाप्त की जाए। वर्तमान में एक ही काम के लिए उद्योग विभाग और नगर निगम को अलग-अलग कर देना पड़ता है ।

3. ट्रेड लाइसेंस समाप्त किया जाए : दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से सम्बन्धित नियमों को सरलीकृत करते हुए नगर निगम का ट्रेड लाइसेंस खत्म किया जाए ।

4. लाइफ टाइम लाइसेंस व्यवस्था : सभी प्रकार के लाइसेंस को बार-बार नवीनीकरण की जगह एकमुश्त शुल्क लेकर लाइफ टाइम लाइसेंस दिया जाए ।

5. नापतोल विभाग में सरल व्यवस्था : नापतोल विभाग की वार्षिक नवीनीकरण प्रक्रिया समाप्त कर एक बार में स्थायी लाइसेंस प्रदान किया जाए ।

6. सिंगल विंडो सिस्टम की सख्त निगरानी : मध्य प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम में आवेदन से स्वीकृति तक की समय सीमा तय हो और उसका पालन सख्ती से हो, ताकि नए उद्योगों को समय पर अनुमति मिल सके।

बैठक में अन्य उद्योग संगठनों द्वारा भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।

टास्कफोर्स की अध्यक्ष सुश्री नीलम शमी राव ने सभी सुझाव ध्यान से सुने।

बैठक का संचालन प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्री राघवेंद्र सिंह ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन, प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम श्री चंद्रमौली शुक्ला ने किया।

## फरवरी 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर को शहर की विभिन्न समस्याओं के संबंध में पत्र प्रेषित कर, शीघ्र कार्यवाही किए जाने की माँग की गई।
* पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, कम्पू स्थित मल्टीलेबल पार्किंग के बाहर अवैध टैक्सी स्टेण्ड से होने वाले जाम एवं असामाजिक गतिविधियों को रोके जाने की माँग की गई।
* प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री-डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रभारी मंत्री-माननीय श्री तुलसी सिलावट एवं सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह तथा संबंधित विभाग प्रमुखों सहित जिलाधीश, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, प्रीमियम एफएआर की दरों में 7 माह बाद भी संशोधन नहीं होने से ग्वालियर के रियल एस्टेट सेक्टर को हो रहे हजारों करोड़ की हानि से अवगत कराते हुए, तत्काल संशोधन किए जाने की माँग की गई।
* संभागीय आयुक्त, ग्वालियर संभाग एवं जिलाधीश, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, नाका चंद्रवदनी से विक्की फैक्ट्री चौराहा तक (झाँसी रोड) मार्ग के निर्माण कार्य में आ रहीं सभी बाधाओं को तत्काल दूर करने हेतु नगर पालिक निगम एवं लोनिवि के वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य सामंजस्य बैठाने की माँग की गई, ताकि शहर के उपरोक्त मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होकर, शहर का यातायात सुगमता के साथ संचालित हो सके।
* अध्यक्ष, म. प्र. विद्युत नियामक आयोग, भोपाल को वर्ष 2026-27 की टैरिफ पिटीशन पर सुझाव व आपत्तियाँ प्रेषित की गईं।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग व विक्रय पर कड़ाई से रोक लगाए जाने की माँग की गई।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# कार्यकारिणी सदस्य–श्री नन्दकिशोर गोयल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



कार्यकारिणी सदस्य–श्री नन्दकिशोर गोयल जी के दुःखद निधन पर दिनांक 21 फरवरी 2026 को 'चेम्बर भवन' में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । सभा के प्रारंभ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. श्री नंदकिशोर जी गोयल एक ऐसी शख्सियत थे, जो सभी के दिलों में बसते थे । वे वर्ष–2023 में पहली बार कार्यकारिणी सदस्य बने, अपनी व्यवहार कुशलता से उन्होंने सबको अपना बना लिया था । उनका असमय निधन चेम्बर एवं समूचे व्यापारिक समुदाय के लिए तो एक अपूर्ण एक क्षति है ही, मेरे लिए भी एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत क्षति है । आगामी 6 मार्च को उनकी बेटी का विवाह था, जिसकी तैयारियाँ उनको करनी थी ।

डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा जिस तरह वह हमेशा चेम्बर के साथ खड़े रहते थे, आज चेम्बर एवं समस्त व्यापारी समाज उनके परिवार के साथ दृढ़ता पूर्वक खड़ा है । उनकी बेटी के विवाह की जिम्मेदारी भी हमारी है । आपने चेम्बर एवं समस्त व्यापारी समाज की ओर से श्री नंदकिशोर गोयल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

मानसेवी सचिव–श्री दीपक अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा श्री नंदकिशोर जी सबसे सक्रिय सकारात्मक एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे । हमेशा अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखते थे एवं निर्णय को मानते थे । दाल बाजार के व्यापारियों की समस्या को भी आप प्रमुखता से उठाते थे ।

श्रद्धांजलि सभा में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष–श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री पारस जैन सहित कार्यकारिणी सदस्यगण व सदस्यगण उपस्थित थे ।

## सदस्य उपलब्धियाँ...

### गिरवाई लघु उद्योग कल्याणकारी संघ के निर्वाचन सम्पन्न



गिरवाई लघु उद्योग कल्याणकारी संघ के निर्वाचन में श्री गोपाल मोटवानी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं ।

### ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के निर्वाचन सम्पन्न


श्री अशोक प्रेमी


श्री अंकित अग्रवाल


श्री प्रणय शर्मा


श्री उदय गुप्ता


श्री तरूण धवन


श्री अनूप अग्रवाल

**पदाधिकारी :** अध्यक्ष–श्री अशोक प्रेमी, संयुक्त अध्यक्ष–श्री अंकित अग्रवाल, उपाध्यक्ष–श्री प्रणय शर्मा, सचिव–श्री उदय गुप्ता, संयुक्त सचिव–श्री तरुण धवन, कोषाध्यक्ष–श्री अनूप अग्रवाल । **कार्यकारिणी :** सर्वश्री संदीप नारायण अग्रवाल, खालिद रहमान, अभय गर्ग, विशाल अग्रवाल, कमल गोयल, राजकुमार राय, पुरुषोत्तम कौशिक एवं आदित्य छापरवाल ।

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त महानुभावों के निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं ।**

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917